दिन– गुरुवार दिनांक– 05/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय चयन पर्षद ने कहा– सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में किसी भी तिथि का ईडब्ल्यूएस और ननक्रीमीलेयर प्रमाण पत्र मान्य होगा।

02. प्रवर्तन निदेशालय ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस से जुड़े लोगों के तेरह ठिकानों पर छापेमारी की। कई दस्तावेज बरामद।

03. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आज कड़ी सुरक्षा के बीच हो रहा है मतदान।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आठ और नौ दिसम्बर को राज्य के विभिन्न भागों में हल्की बारिश की सम्भावना। बारह दिसम्बर से बढ़ेगी ठिठुरन।

————————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद ने कहा है कि सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में किसी भी तिथि का ईडब्ल्यूएस और ननक्रीमीलेयर प्रमाण पत्र मान्य होगा। बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि ओबीसी और ईडब्ल्यूएस कोटे से आये अभ्यर्थियों के लिए जारी प्रमाण पत्र की तिथि अयोग्यता का आधार नहीं होगी। बोर्ड ने कहा है कि नॉन क्रीमीलेयर और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग का प्रमाण पत्र भर्ती परीक्षा के विज्ञापन से पहले का नहीं रहने पर भी अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता के लिए अयोग्य नहीं माना जाएगा। जानकारी के अनुसार सिपाही भर्ती परीक्षा में पास अभ्यर्थियों के दस्तावेज का सत्यापन और शारीरिक दक्षता परीक्षा नौ दिसम्बर से शुरू होगी।

————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की टीम ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस से जुड़े लोगों के तेरह ठिकानों पर छापेमारी की। संजीव हंस पर मनीलॉड्रिंग का आरोप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली, गुड़गांव, जयपुर, कोलकाता और नागपुर में उनसे जुड़े व्यवसायियों के ठिकानों पर छापेमारी की गयी। इस दौरान कई डिजिटल साक्ष्य, दर्जनों बैंक खाते समेत अन्य दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आज कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। मतदान शाम चार बजे तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि मतदान को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चार जिलों– वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर और

सीतामढ़ी में कुल एक सौ सत्तानवे मतदान केंद्र बनाए गये हैं। उपचुनाव में कुल एक लाख चौवन हजार आठ सौ अट्ठाईस मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं। मतों की गिनती नौ दिसम्बर को होगी।

————————————————————————

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने कहा है कि निजी जमीन पर भी औद्योगिक पार्क बनाये जायेंगे। पटना में आयोजित उद्यमी पंचायत में उन्होंने कहा कि इसके लिए नई नीति बनायी जायेगी। श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में औद्योगिक परिवेश बदल रहा है और संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो रहा है। मंत्री ने दावा किया कि आने वाले समय में बिहार पूर्वी भारत का ग्रोथ ईंजन साबित होगा। इस मौके पर मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि सरकार उद्यमियों को हर तरह की सहूलियत देने के लिए प्रतिबद्ध है।

————————————————————————

केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि बीएसएनएल के पचपन हजार से अधिक कर्मचारियों के मान–सम्मान की पूरी जिम्मेवारी केन्द्र सरकार की है। उन्होंने लोकसभा में कहा कि सरकार कर्मचारियों के भविष्य को लेकर संवेदनशील है।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हर गरीब व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने करीब तीन करोड़ मकान बनाने की स्वीकृति दी है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के अंतर्गत अड़तीस लाख आवास आवंटित किए गए हैं।

———बाईट———

योजना के प्रारंभ से ग्रामीण विकास विभाग 2 करोड़ 95 लाख आवास स्वीकृत कर चुका है जो हमारा टारगेट था और उसमें से 2 करोड़ 68 लाख घरों का निर्माण भी पूरा कर चुके हैं। अब पांच सालों में दो करोड नए घर हमको और बनाने हैं।

————————————————————————

राज्यसभा में बॉयलर विधेयक दो हजार चौबीस पारित कर दिया है। यह विधेयक बॉयलर अधिनियम उन्नीस सौ तेईस को निरस्त करता है। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह विधेयक सुरक्षा बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि बॉयलर के अंदर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बॉयलर की मरम्मत कुशल लोगों से सुनिश्चित करने के लिए विधेयक में विशिष्ट प्रावधान किए गए हैं।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि सामान्य शिक्षकों के लिए सरल और उदार स्थानांतरण नीति बनायी जायेगी। उन्होंने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गम्भीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित और विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रख कर स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। उन्होंने कहा कि बची हुई सक्षमता परीक्षा पूरी होने के बाद सामान्य शिक्षकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू की जायेगी। इधर, शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि सरकारी विद्यालयों में स्थानांतरण के पिछले चार दिनों में पांच हजार से अधिक शिक्षकों ने आवेदन किया है।

---

राज्य के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की सेवाकालीन प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन तीन बार बायोमेट्रिक हाजिरी बनायी जायेगी। बायोमेट्रिक हाजिरी के आधार पर ही शिक्षकों को प्रशिक्षण पूरा करने का प्रमाण पत्र दिया जायेगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने राज्य शिक्षा, शोध एवं प्रशिक्षण परिषद को भेजे निर्देश में कहा कि शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण उनके वर्तमान पदस्थापन वाले जिले में ही आयोजित किये जायेंगे। निर्देश में यह भी कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों को कम से कम एक सप्ताह पूर्व सूचना दी जानी चाहिए।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और सांसद उपेन्द्र कुशवाहा की बिहार यात्रा का सातवां चरण आज पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी से शुरू होगा। इस चरण में पूर्व केंद्रीय मंत्री पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज और सीवान जिलों में कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, लोजपा रामविलास आज से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दो हजार पच्चीस में फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभियान शुरू करेगी। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी जनसम्पर्क के साथ जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की कार्यकर्ता संवाद दर्शन कार्यक्रम जारी है। इसके तहत उन्होंने कल मुंगेर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है, तो उपभोक्ताओं को प्रतिमाह दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।

---

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के कारण ठंड में बढ़ोतरी हुई है। सुबह से ही पटना समेत प्रदेश के दक्षिणी भागों में ठंडी हवा का प्रवाह बना हुआ है। इधर, मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ग्यारह दिसम्बर के बाद राज्य के अधिकतर भागों में ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार

गौरव ने बताया कि आठ और नौ दिसम्बर को पटना, नालंदा, बेगूसराय, बक्सर, अरवल, औरंगाबाद और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य हिस्सों में हल्की बारिश होने की भी संभावना है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दस डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

———————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक, आरबीआई ने मोबाईल के माध्यम से भुगतान करने वालों को राहत देते हुये यूपीआई लाईट वॉलेट की लिमिट को बढ़ा कर पांच हजार रूपये कर दिया है। साथ ही यूपीआई के माध्यम से प्रतिदिन लेन–देने की सीमा पांच सौ रूपये से बढ़ाकर एक हजार रूपये कर दी गयी है। इसका उद्‌देश्य मोबाईल भुगतान के माध्यम से तत्काल भुगतान प्रणाली को और अधिक बढ़ावा देना है।

———————————————————————

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग जल्द ही पटना और दरभंगा जिले के गजेटियर प्रकाशित करेगा। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि दोनों जिलों के गजेटियर की पाण्डुलिपि को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों का जिलावार गजेटियर प्रकाशित किया जायेगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन चौदह दिसम्बर को पटना जिले के सभी अनुमंडलीय न्यायालयों में किया जायेगा। पटना के जिलाधिकारी सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उपाध्यक्ष डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि इसमें समझौता लायक लघु आपराधिक मामले, बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना जैसे मामलों का निपटारा किया जायेगा।

———————————————————————

मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने विकास कार्यों में अधिक समन्वय और पारदर्शिता का निर्देश अधिकारियों को दिया है। उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुये कहा कि योजनाएं निर्धारित समय पर पूरी हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए।

———————————————————————

केन्द्र सरकार पीएम सूर्य घर– मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत मार्च दो हजार पच्चीस तक दस लाख से ज़्यादा रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने वाली है। नवीन और

नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि इसके शुरू होने के नौ महीने के भीतर ही छह लाख तीस हजार रूफटॉप सोलर लगाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने मार्च दो हजार सत्ताईस तक एक करोड़ रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा है।

————————————————————

नालंदा जिले के हरनौत की रहने वाली गोल्डी कुमारी ने थाईलैंड में सम्पन्न विश्व पारा ओलम्पिक यूथ गेम्स के गोला फेंक मुकाबले में स्वण पदक जीता है। कोच कुंदन कुमार पांडेय ने यह जानकारी दी है।

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में खेली जा रही बत्तीसवीं नेशनल जूनियर तलवारबाजी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग के व्यक्तिगत मुकाबले में हरियाणा की अनुप्रिया ने स्वर्ण, तेलंगाना की नाजिया शेख ने रजत और महाराष्ट्री की माही तथा हरियाणा की प्राची लोहान ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

————————————————————

सीमा सुरक्षा बल और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा की ओर से ऑल वीमेन रिवर राफ्टिंग अभियान की टीम का पटना के एनआईटी घाट पर भव्य स्वागत किया गया। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने टीम का स्वागत किया।

————————————————————

बिहार को जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत बेहतर प्रदर्शन करने के लिए नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में वाटर ट्रांसवर्सेलिटी ग्लोबल अवार्ड से सम्मानित किया गया।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सीएचओ परीक्षा कराने वाली कम्पनी ने ही करोड़ों में बेचा सेंटर।

दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नये प्रावधानों की चर्चा करते हुये लिखा है– पांच एकड़ जमीन वाले को भी पीएम आवास।

दैनिक भास्कर झारखंड में मंत्रिमंडल विस्तार पर लिखता है– रात ग्यारह बजे मंत्रियों का नाम फाईनल, कांग्रेस चार, झारखंड मुक्ति मोर्चा तीन और राजद से एक।

प्रभात खबर की सुर्खी है– तीसरी बार महाराष्ट्र के सीएम बनेंगे देवेन्द्र फडणवीस, शिदें और अजित डिप्टी सीएम।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– पटना पुस्तक मेला कल से। मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय चयन पर्षद ने कहा– सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में किसी भी तिथि का ईडब्ल्यूएस और ननक्रीमीलेयर प्रमाण पत्र मान्य होगा।

02. प्रवर्तन निदेशालय ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस से जुड़े लोगों के तेरह ठिकानों पर छापेमारी की। कई दस्तावेज बरामद।

03. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आज कड़ी सुरक्षा के बीच हो रहा है मतदान।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आठ और नौ दिसम्बर को राज्य के विभिन्न भागों में हल्की बारिश की सम्भावना। बारह दिसम्बर से बढ़ेगी ठिठुरन।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।